Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बांसवाडा में हैड कान्स्टेबल व कान्स्टेबल 2,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 31 जनवरी 2026, शनिवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाडा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुरेन्द्र सिहं, हैड कान्स्टेबल नं 664 व जयपाल सिंह कानि – 878 पुलिस चौकी छोटी सरवा, पुलिस थाना पाटन जिला बांसवाडा** को 2,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** नें बताया कि एसीबी बांसवाडा चौकी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के परिचित का अन्य लोगो के साथ विवाद हुआ था उस विवाद में परिवादी के प्राईवेट वाहन को नुकसान पहुंचाया गया था उक्त वाहन पुलिस थाना पाटन में रखा गया था परिवादी के परिचित की रिपोर्ट पर पुलिस थाना पाटन में एफआईआर दर्ज होने पर प्रकरण की जांच श्री सुरेन्द्र सिंह हैड कानि पुलिस चौकी छोटी सरवा पुलिस थाना पाटन जिला बांसवाडा के जिम्मे हुआ था पुलिस चौकी छोटी सरवा के हैड कानि द्वारा परिवादी को उसके वाहन के नुकसान की उचित राशि दिलाने एवं वाहन परिवादी को सुपूर्द करने की फाईल तैयार करने हेतु अपने मुंशी श्री जयपाल सिंह कानि. के लिए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा था।

जिस पर दिनांक 30.01.2026 को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराया गया जिसमें आरोपी सुरेन्द्र सिंह हैड कानि द्वारा अपनी चौकी के कान्स्टेबल जयपाल सिंह के लिए रिश्वत राशि की मांग की गई। रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान जयपाल सिंह कानि द्वारा भी अपनी सहमती व्यक्त की गई।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. बांसवाडा **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीना** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी जयपाल सिह कानि को रिश्वत राशि 2,000/- रूपये लेते हुए रंगे हाथो पकडा गया। सुरेन्द्र सिंह हैड कानि भी मौके पर उपस्थित थे उक्त प्रकरण की जांच सुरेन्द्र सिह हैड कानि के जिम्मे होने पर हैड कानि की उक्त रिश्वत मांग एवं लेन–देन के मामले में संलिप्तता होने से बाद पूछताछ कर हैड कानि को भी डिटेन कर लिया गया है।

एसीबी के **महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। आरोपी सुरेन्द्र सिंह हैड कानि व जयपाल सिंह कानि पुलिस चौकी छोटी सरवा पुलिस थाना पाटन जिला बांसवाडा निवास की भी तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।